
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025
वर्ष 14, अंक 183, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

धरने का कारण बना एडीओ पंचायत की लापरवाही- सरोज सिंह..03

लोकायुक्त छापा कार्यवाही के बाद समिति प्रबंधक पर कोई असर नही..04

# दुर्गापुर गैंगरेप केस- क्या बंगाल में लगेगा राष्ट्रपति शासन? राज्यपाल के बयान से गरमाई सियासत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दुर्गापुर में गैगरेप की पीड़िता से मिलने के बाद बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि बंगाल की जनता राष्ट्रपति शासन चाहती है. संबंधित अधिकारियों के पास संवैधानिक शक्तियां हैं. लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि वह इस बारे में सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहेंगे. हालांकि, उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि उचित कार्रवाई की जाएगी. राज्यपाल के बयान से राज्य की सियासत गरमा गई है. इससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या राज्यपाल राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश करेंगे।

राज्यपाल का इशारा साफ है, जिस तरह से राज्य में बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं. कई जगहों पर असामाजिक गतिविधियों के आरोप लग रहे हैं और बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं।

**राज्यपाल के बयान से गरमाई सियासत**

राज्यपाल की टिप्पणी पर तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा, "राज्यपाल बहुत अनुभवी और वरिष्ठ व्यक्ति हैं. मुझे लगता है कि बंगाल की जनता राष्ट्रपति शासन लागू नहीं होने देगी और भाजपा के पास संसद में दो-तिहाई बहुमत नहीं है।"





दूसरी ओर, भाजपा विधायक शंकर घोष ने कहा, "संवैधानिक प्रमुख ने अपना बयान दे दिया है, इस पर केवल वही लोग चर्चा करेंगे, जिनकी इसमें रुचि है. बंगाल में ध्वस्त कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक स्थिति ने बंगाल की जनता के सामने वर्तमान सरकार पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है. यह संवैधानिक प्रमुख के चेहरे पर झलकता है."

राज्यपाल ने दुर्गापुर के निजी अस्पताल में पीड़िता से मुलाकात की, जहां उसका इलाज चल रहा है. उन्होंने पीड़िता के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की. दुर्गापुर जाने से पहले हावड़ा में जब उनसे राज्य की कानून-व्यवस्था के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वे पहले पीड़िता से बात करेंगे और पूरी बात जानेंगे, उसके बाद ही कोई टिप्पणी करेंगे. पीड़िता से बात करने के बाद, बंगाल के राज्यपाल ने अहम बयान दिया।

**अब तक पांच लोगों को किया गया है गिरफ्तार**

दूसरी ओर, दुर्गापुर गैंगरेप मामले में पुलिस घटना का पुनर्गठन किया. पुलिस ने पहले घटना में गिरफ्तार एक आरोपी की पहचान की. पहचान के बाद, पुलिस बाकी चार आरोपियों को भी लाएगी. पीड़िता के सहपाठी को भी ले जाया जा सकता है. पुलिस ने रात भर गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की. गिरफ्तार लोगों में से दो को उनके घर ले जाया गया. पुलिस उनके घर से भी सुराग तलाश रही है.

पुलिस का कहना है कि आरोपी के बयान का मिलान सहपाठी के बयान से किया जाएगा. पता चला है कि दो लोगों की मदद से घटना को अलग-अलग रीकंस्ट्रक्ट किया जाएगा. जांचकर्ता सहपाठी के घटनास्थल की जांच कर रहे हैं।

**आरोपियों में एक तृणमूल कांग्रेस नेता का बेटा!**

पुलिस ने अब तक इस घटना में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. इनमें से एक ने इलाके के एक तृणमूल नेता का बेटा होने का दावा भी किया है. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा, "गिरफ्तार किए गए लोगों में एक तृणमूल का कार्यकर्ता है. उसके पिता पार्टी में मंत्री हैं."

शुभेंदु ने कहा, "इस घटना को लेकर अब तक कई तरह की बातें सामने आ चुकी हैं, आज एक नई बात सामने आई है कि इस सामूहिक बलात्कार में तृणमूल कांग्रेस के पदाधिकारी सीधे तौर पर शामिल हैं. जहां शासक ही शोषक हो, वहां कानून और न्याय के लिए कोई जगह नहीं होती।"

पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट में पहले ही बलात्कार के संकेत मिल चुके हैं. रिपोर्ट में डॉक्टरों ने बताया है कि गुप्तांग पर निशान हैं. गुप्तांग के अंदर की त्वचा फट गई है. भारी रक्तस्राव भी हुआ है।

# बिहार चुनाव से पहले NDA ने कराया गुपचुप सर्वे, नतीजों से किसकी बढ़ी धड़कन, किसे अपर हैंड?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर दिख रही है. एक आंतरिक सर्वे में खुलासा हुआ है कि दोनों गुटे के बीच वोट शेयर में महज एक प्रतिशत का फासला हो सकता है. यह सर्वे सत्ताधारी एनडीए गठबंधन ने ही करवाया है, जिसे देखकर पार्टी नेताओं की धड़कन बढ़ गई है. 'हिंदुस्तान टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, एनडीए के इस आतंरिक सर्वे में उसे मामूली बढ़त मिलती दिख रही है. सर्वे के मुताबिक, उसे इस बार राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा में 130 सीटें मिल सकती हैं. सर्वेक्षण में शामिल 65% लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर भरोसा जताया है, जबकि चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को लगभग 9% वोट शेयर मिलने की संभावना दिखाई गई है।

**कांग्रेस के सर्वे में भी झटका**

इस तरह की एक शुरुआती जमीनी सर्वे कांग्रेस ने भी कराया था, जिसमें पता चला कि सीएम नीतीश के खिलाफ इस बार वैसे सत्ता विरोधी लहर नहीं दिख रही है. विपक्ष ने 74 वर्षीय मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और स्वास्थ्य को लेकर हमले



तेज कर दिए हैं. आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर भी सवाल उठाए हैं. वहीं, प्रशांत किशोर लगातार राज्य सरकार के मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं. बावजूद इसके, सर्वे में केवल 31 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि नीतीश कुमार का कार्यकाल निराशाजनक रहा है. सर्वे में विपक्षी महागठबंधन को 102 से 107 सीटें, जबकि अन्य दलों (जन सुराज सहित) को दो से तीन सीटें मिलने की संभावना जताई गई है. यह स्थिति 2020 जैसी हो सकती है, जब चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी ने केवल एक सीट जीती थी, लेकिन कई सीटों पर जेडीयू उम्मीदवारों को नुकसान पहुंचाया था.

हालांकि, यहां यह भी ध्यान देने वाली बात है कि ऐसे आंतरिक सर्वे में आम तौर पर उसी दल को फायदा दिखाया जाता है, जिसने उन्हें कराया हो. इसके अलावा, बिहार जैसे विविधता भरे जातीय और सामाजिक ढांचे वाले राज्य में कई बार ऐसे सर्वे असल नतीजों से भटक चुके हैं. इसलिए इन्हें केवल राजनीतिक रुझान और माहौल का संकेतक माना जा सकता है, न कि अंतिम भविष्यवाणी।

**सर्वे देखकर जदयू बम-बम**

हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जेडीयू के विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार ने कहा कि लोग देख रहे हैं कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में गांव-गांव तक विकास हुआ है. उन्होंने कहा, 'तेजस्वी यादव हर परिवार को सरकारी नौकरी देने का वादा कर रहे हैं, जो न तो व्यावहारिक है, न संभव. वहीं, हमारी सरकार जीविका दीदी योजना के तहत हर महिला को 10,000 रुपये दे रही है. हमने महिलाओं को लगातार सशक्त किया है.' कांग्रेस के टिकट के दावेदार और पूर्व चुनाव रणनीतिकार शशांक शेखर ने कहा कि एनडीए फिलहाल आगे है, लेकिन प्रशांत किशोर की लोकप्रियता 6-7 प्रतिशत तक सीमित रहेगी. उन्होंने आरोप लगाया कि किशोर रणनीतिक रूप से ऐसे उम्मीदवार उतारेंगे जो महागठबंधन के वोट काटेंगे, लेकिन जनता 'उनकी चाल' को समझ चुकी है. बता दें कि 2020 के विधानसभा चुनाव में एनडीए ने 125 सीटें, जबकि विपक्षी महागठबंधन ने 110 सीटें जीती थीं. उस समय दोनों गठबंधनों के वोट शेयर में मात्र 0.03 प्रतिशत का अंतर था. इस बार भी मुकाबला उतना ही रोमांचक होने की संभावना है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गजब! एक महीने का बिजली बिल आया 15136008 करोड़ रुपए, देख हलवाई के उड़े होश



बिजली विभाग की लापरवाही के कारण अक्सर उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है. कई बार ऐसे मामले सामने आते हैं जहां बिना कनेक्शन के ही लोगों को हजारों रुपये का बिजली बिल थमा दिया जाता है, या फिर छोटे उपभोक्ताओं का बिल लाखों या फिर करोड़ों का बिल में आ जाता है. ऐसा ही एक मामला हरियाणा के पंचकूला जिले के बरवाला क्षेत्र के ककराली गांव में एक हलवाई की दुकान से आया है. यहां दुकान चलाने वाला दुकानदार उस समय दंग रहा गया, जब उसने अपना ऑनलाइन बिजली का बिल देखा. उसने चेक किया तो उसका एक महीने का बिजली बिल 1 करोड़ 51 लाख 36 हजार आठ रुपए का था।

**दुकानदार ने की शिकायत**

इसके बाद दुकानदार ने अपने बिल नंबर 191287392772 को तीन बार चेक किया, लेकिन हर बार बिल 1,51,36008 करोड़ रुपए ही दिखा. दुकानदार ने बताया कि कुछ हजार रुपए का ही बिल आता था. इस बार इतनी बड़ी राशि देखकर उसे यकीन नहीं हुआ. मामले में दुकानदार ने अभी तक बिल का भुगतान नहीं किया है. उसने इसकी शिकायत बिजली विभाग को की है. बिल सही होने के बाद भुगतान किया जाएगा।

**लोगों ने क्या कहा?**

इस घटना पर स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के उपर सवाल उठाए हैं. उनका कहना है कि इस तरह की लापरवाही से उपभोक्ताओं को न केवल आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ती है, बल्कि उन्हें अनावश्यक मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ता है।

**विभाग ने मानी गलती**

वहीं, जब यह मामला बिजली विभाग के संज्ञान में आया, तो विभाग के एसडीओ(SDO) ने अपनी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने स्वीकार किया कि यह बिल गलत जारी हुआ है. एसडीओ ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में है और बिल को सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं. उन्होंने उपभोक्ता को आश्वस्त किया है कि आने वाले 10 दिन के अंदर बिल को सही कर दिया जाएगा।

# हरियाणा के IPS वाई पूरन कुमार के गनमैन पर वसूली के आरोपों की जांच कर रहे ASI ने भी दी जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंडीगढ़-** हरियाणा के एडीजीपी वाई पूरन कुमार केस से जुड़ी बड़ी खबर है. एडीजीपी के गनमैन को वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और जो एएसआई संदीप कुमार इस मामले की जांच कर रहा था, उसने भी अब सुसाइड करक लिया है. बताया जा रहा है कि रोहतक में साइबर सेल में तैनात एएसआई संदीप कुमार ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या कर ली है. उसने भी तीन पेज का सुसाइड नोट और एक वीडियो मैसेज भी छोड़ कर गया.

ASI संदीप कुमार ने अपने तीन पेज का सुसाइड नोट आईपीएस वाई पूरन कुमार पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि पूरन कुमार भ्रष्टाचारी अफसर था. उसके खिलाफ बहुत से सबूत मौजूद हैं. उन्होंने जातिवाद का सहारा लेकर सिस्टम को हाईजैक कर लिया है और मैं अपनी शहादत देकर कर जांच की मांग करता हूं. संदीप ने लिखा कि इस भ्रष्टाचारी परिवार को छोड़ा नहीं जाए।



**पूरन कुमार पर लगाए बहुत आरोप**

संदीप लाठर मूल रूप से जींद के जुलाना के गांव लढ़ौत के रहने वाले थे. संदीप लाठर ने कहा कि रोहतक के एसपी रहे नरेंद्र बिजारणिया ईमानदार अफसर थे. पूरन सिंह तक वसूली के पैसे पहुंचे थे. संदीप ने कहा कि मैं इमानदारी के साथ खड़ा रहूंगा. मैं ईमानदार हूं और मेरे बैंक खातों की जांच भी कर ली जाए. एएसआई संदीप ने पूरन सिंह की पत्नी पर भी गंभीर आरोप लगाए. वीडियो में संदीप कहते हैं कि सच्चाई की लड़ाई में वह पहली आहूति दे रहे हैं और जमीन दार का बेटा हूं और देशभक्त शहीद भगत सिंह का फैन हूं।

**एसपी की तारीफ की**

रोहतक के पूर्व एसपी की संदीप लाठर ने खूब तारीफ की. उन्होंने कहा कि पूरन कुमार ने अपनी पंसद के अफसर छांट-छांट कर लगाए. रोहतक में कई महिला अफसरों के यौन शोषण भी किए गए है. किसी भी काम के लिए पैसे मांगे जाते थे. इनकी भ्रष्टाचार की जड़े काफी गहरी हैं और इनके खिलाफ शिकायत हुई थी और इसी वजह से पूरन कुमार ने जान दी थी।

**गन मैन पर लगे थे वसूली के आरोप**

गौरतलब है कि एडीजीपी के गनमैन सुशील को पुलिस ने वसूली के आरोपों के चलते गिरफ्तार किया था. शराब कारोबारी से पैसे उगाही के आरोप लगाए गए थे. यहां तक कि शराब कारोबारी ने भी वीडियो जारी कर एडीजीपी पर आरोप लगाते हुए वूसली की बात कही थी. गौर रहे कि सात अक्टूबर को एडीजीपी ने चंडीगढ़ में आत्महत्या कर ली थी और अब एक और मौत के बाद पूरा मामला और विवादित हो गया है।

# सहारा की संपत्तियां टुकड़ों में बेची तो कोई नहीं खरीदेगा सिब्बल की दलील पर SC ने कहा- देखेंगे! सुनवाई 17 नवंबर को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सहारा इंडिया ग्रुप चाहता है कि उसकी प्रॉपर्टीज एक साथ बेच दी जाएं. सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई के दौरान Sahara India Commercial Corporation Ltd (SICCL) ने यही गुहार लगाई. ग्रुप ने विभिन्न संपत्तियों जिनमें अंबी वैली (महाराष्ट्र) और सहारा शहर (लखनऊ) जैसी हाई-वैल्यू प्रॉपर्टीज शामिल हैं, को Adani Properties Pvt Ltd को बेचने की अनुमति मांगी है. कोर्ट ने कहा कि पहले यह तय किया जाएगा कि किन प्रॉपर्टीज पर विवाद है और किन पर नहीं. चीफ जस्टिस बी.आर. गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एम.एम. सुंदरेश की बेंच ने केंद्र सरकार, SEBI और अमिकस क्यूरी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. अब अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी।

**'अंबी वैली' से 'सहारा शहर' तक, 88 प्रॉपर्टीज की सूची, पर कई पर विवाद**

सहारा की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने अदालत से कहा कि समूह अपनी संपत्तियां बेचकर बकाया राशि चुकाने की योजना बना रहा है. उनके मुताबिक, इन संपत्तियों की वैल्यू लगभग 1.6 लाख करोड़ रुपये है. सिब्बल ने कहा, 'इनमें 88 प्रॉपर्टीज शामिल हैं. इन्हें एक साथ बेचना जरूरी है. टुकड़ों में बेचने से खरीदार नहीं मिलेंगे।'

SEBI की ओर से कहा गया कि सहारा इन प्रॉपर्टीज को बेच सकता है, बशर्ते बिक्री मार्केट रेट के 90% से कम पर न हो. SEBI ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोर्ट



अनुमति देती है, तो उन्हें किसी प्रस्ताव की अलग से जांच करने की आवश्यकता नहीं.

वहीं, एडवोकेट मुकुल रोहतगी, जो Adani Properties Pvt Ltd की ओर से पेश हुए, ने कहा कि कंपनी सभी प्रॉपर्टीज खरीदने को तैयार है. उन्होंने कहा, 'अगर इसे हिस्सों में बेचा गया तो मुकदमेबाजी कभी खत्म नहीं होगी. हम सब कुछ, सभी क्लेम्स के साथ लेने को तैयार हैं।'

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पहले अधिकार तय करो, फिर बिक्री होगी**

सुनवाई के दौरान अदालत ने साफ किया कि फिलहाल किसी बिक्री पर अनुमति देने से पहले सभी पक्षों के अधिकारों को क्रिस्टलाइज करना जरूरी है. जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'कुछ प्रॉपर्टीज पर कई दावेदार हैं, कुछ पर मुकदमे चल रहे हैं. पहले यह साफ होना चाहिए कि कौन सी प्रॉपर्टी विवादित है और कौन सी नहीं.' सीनियर एडवोकेट गोपाल शंकरनारायणन (अमिकस क्यूरी) ने कहा कि कुछ जमीनें ऐसी हैं जिन्हें बेचा ही नहीं जा सकता, क्योंकि वे 'वेटलैंड्स (जल क्षेत्र)' हैं. इस पर सीजेआई गवई ने कहा, 'अगर कोई वेटलैंड खरीदे भी तो वहां निर्माण संभव नहीं होगा.' कोर्ट ने अमिकस को निर्देश दिया कि वह एक विस्तृत चार्ट तैयार करें, जिसमें यह दर्ज हो कि कौन सी संपत्तियां विवादित हैं, किन पर हक तय हो चुका है, और किन पर 'शैडो ऑफ डाउट' है।

**केंद्र, SEBI और सहारा, तीनों को जवाब दाखिल करने का निर्देश**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, जो केंद्र की ओर से पेश हुए, ने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है और सरकार को भी अपनी राय रखने का अवसर मिलना चाहिए. इस पर कोर्ट ने आदेश दिया कि वित्त मंत्रालय (MoF) को भी पार्टी बनाया जाए ताकि केंद्र सरकार इस पर अपना रुख साफ कर सके. सिब्बल ने बताया कि सहारा ने हाल ही में SEBI-Sahara फंड से 500 करोड़ रुपये जारी किए हैं ताकि कुछ कोऑपरेटिव सोसायटीज के भुगतान किए जा सकें. लेकिन अन्य वकीलों ने दावा किया कि अभी भी करीब 9000 करोड़ रुपये का डेफिसिट है. अदालत ने कहा कि सहारा को पहले कर्मचारियों के दावों और बकाया राशि की स्थिति स्पष्ट करनी होगी.

**'एक साथ बिक्री जरूरी', सिब्बल की दलील, कोर्ट ने कहा 'देखेंगे'**

कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि संपत्तियों को 'एक बास्केट में' बेचना ही व्यवहारिक विकल्प है. उन्होंने कहा, 'अगर एक-एक करके बेचा गया तो निवेशक पीछे हट जाएंगे, जैसा पहले वर्सोवा प्रोजेक्ट में हुआ था.' जस्टिस गवई ने कहा कि अदालत यह तय करेगी कि प्रॉपर्टीज को एकमुश्त (en bloc) बेचा जाए या अलग-अलग (piecemeal). सीनियर एडवोकेट अरविंद दातर ने सुझाव दिया कि जिन प्रॉपर्टीज पर कोई विवाद नहीं है, उन्हें पहले बेचा जा सकता है और बाकी पर अलग सुनवाई हो।

# आईआरसीटीसी मामले में दिल्ली की अदालत ने लालू, राबड़ी और तेजस्वी यादव के खिलाफ़ आरोप तय किए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली-** दिल्ली की एक जिला अदालत ने सोमवार (13 अक्टूबर) को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ सीबीआई के एक मामले में आरोप तय किए हैं. यह मामला पटना में रियायती जमीन के बदले कथित रेलवे होटलों की अवैध लीजिंग से जुड़ा है. बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने लालू, राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय किए हैं, जबकि लालू के खिलाफ भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया गया है. तीनों ने ही इस मामले में दोष स्वीकार नहीं किया (Not Guilty Plea),जिसके आधार पर मामला अब ट्रायल के लिए जाएगा. अदालत के आदेश की कॉपी अभी प्रतीक्षित है. कोर्ट के फैसले के बाद मीडिया से बातचीत में बिहार के विपक्षी दल के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि वे आरोपों का सामना करेंगे और यह भी कहा कि यह कदम राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों से जुड़ा हो सकता है.

ज्ञात हो कि साल 2017 में दर्ज एफआईआर में सीबीआई ने लालू और राबड़ी के साथ उनके पुत्र तेजस्वी का नाम लेते हुए आरोप लगाया था कि राजद के वरिष्ठ नेता ने केंद्रीय रेलवे मंत्री रहते हुए होटलों के मालिकों के साथ साजिश रची और दो



आईआरसीटीसी होटलों को अवैध रूप से होटेल मालिकों को लीज़ पर दे दिया, बदले में पटना में रियायती जमीन हासिल की. सीबीआई के अनुसार, साल 2005-06 में सुधा होटल प्राइवेट लिमिटेड को रांची और पुरी में दो आईआरसीटीसी होटलों के सब-लीज दिए गए. बदले में मालिक ने लगभग तीन एकड़ वाणिज्यिक जमीन बाजार दरों से कम दाम पर डिलाइट मार्केटिंग कंपनी को बेची, जिसमें एक राजद सांसद की पत्नी निदेशक थी. बाद में इस कंपनी के शेयर राबड़ी और तेजस्वी को ट्रांसफर किए गए।


सीबीआई ने आरोप लगाया कि टेंडर की शर्तों को आपराधिक साजिश के तहत सुजाता होटल के हित में बदला गया, ताकि कंपनी की ज़रूरतों के मुताबिक़ उन्हें ढाला जा सके. जांच एजेंसी ने यह भी कहा कि पटना की जो ज़मीन इस कथित 'इस हाथ दे उस ले' वाले सौदे के तहत दी गई थी, उसे कृषि भूमि बताकर स्टांप ड्यूटी से बचने की भी कोशिश की गई. एफआईआर में सीबीआई ने दावा किया है कि रेल मंत्री रहते हुए लालू प्रसाद यादव पूरे मामले से वाकिफ थे और आईआरसीटीसी की टेंडर प्रक्रिया पर नज़र रख रहे थे. एजेंसी ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराएं लगाई हैं. सोमवार को आरोप तय करते समय विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर यह स्पष्ट होता है कि लालू यादव ने होटलों के हस्तांतरण को प्रभावित करने के लिए हस्तक्षेप किया था. जज ने कहा, 'पूरी प्रक्रिया निजी भागीदारी को बढ़ावा देने के नाम पर चलाई गई क्रोनी कैपिटलिज़्म की मिसाल थी, और यह ट्रांसफर शुरुआती तौर पर धोखाधड़ी से ग्रसित प्रतीत होता है.' सोमवार को दिल्ली में अदालत की कार्यवाही में अपने माता-पिता के साथ मौजूद तेजस्वी यादव ने बाद में कहा कि वे पहले से जानते थे कि चुनाव नज़दीक आने पर ऐसे कदम उठाए जाएंगे. तेजस्वी ने कहा, 'फिर भी, अदालत के फैसले का हम सम्मान करते हैं. हमने हमेशा लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ते रहेंगे. तूफानों से लड़ना अपने आप में एक अलग सुख देता है. हमने संघर्ष का रास्ता चुना है, और अच्छे यात्री बनकर अपने मंज़िल तक पहुंचेंगे.' ज्ञात हो कि अगले महीने बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में होने वाले हैं. पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को और दूसरे चरण का 11 नवंबर को होना है. मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी।

# संभल में गरज रहा बुलडोजर, अब पार्क की जमीन पर बनी अवैध 'छोटी मस्जिद' ढहाई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश के संभल में मंगलवार को बुलडोजर एक्शन हुआ, जहां एक अवैध मस्जिद पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया. ये मस्जिद श्री कल्कि धाम के नजदीक स्थित पार्क की जमीन पर बनी थी, जिस पर आज प्रशासन ने बुलडोजर चलाया. इस कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा. सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दो थानों की फोर्स को मौके पर तैनात किया गया।

इस दौरान सीओ कुलदीप सिंह और राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही. बताया जा रहा है कि यह निर्माण बिना किसी स्वीकृति के किया गया था और कई बार नोटिस देने के बाद भी इसे नहीं हटाया गया. ऐसे में प्रशासन ने एक्शन लिया और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पूरे इलाके की घेराबंदी कर कार्रवाई की. प्रशासन ने



बुलडोजर से अवैध ढांचे को ध्वस्त कर दिया।

**पार्क की जमीन पर बनी थी मस्जिद**

जानकारी के मुताबिक पार्क के नाम पर एक हेक्टेयर से ज्यादा जमीन दर्ज है, लेकिन इसी पार्क की 262 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध रूप में मस्जिद का निर्माण कर दिया गया था, जिस पर प्रशासन का बुलडोजर चला दिया गया. संभल में लगातार अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. अवैध रूप से किए गए निर्माण पर लगातार बुलडोजर चलाया जा रहा है।

**मैरिज हॉल को बुलडोजर से किया ध्वस्त**

हाल ही में संभल के असमोली रायपुर बुजुर्ग में तालाब की जमीन पर बने एक मैरिज हॉल को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया गया था. ये कार्रवाई चार घंटे तक चली, जिसमें चार बुलडोजर इस्तेमाल किए गए. इस दौरान संभल के डीएम डॉ. राजेंद्र पेंसिया और एसपी कृष्ण बिश्नोई सहित लगभग 200 पुलिसकर्मी और पीएसी के जवान मौके पर मौजूद रहे थे और साथ ही ड्रोन से भी निगरानी की गई थी. प्रशासन की ओर से कहा गया था कि ये मैरिज हॉल सरकारी और तालाब की जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया था. इसे हटाने के लिए 30 दिन पहले नोटिस दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई या अपील नहीं की गई।

